MUNGER UNIVERSITY मुंगेर विश्वविद्यालय

# मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर

## प्रशासकीय खंड, शास्त्रीनगर, मुंगेर–811201

पत्रांक सं.– MU-EX-1649/2026 दिनांक–14.07.2026

## DEPARTMENT OF EXAMINATIONS

सेवा में

प्रधानाचार्य / प्रभारी प्राचार्य
अंगीभूत एवं संम्बद्ध महाविद्यालय
मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर।

विषय– यू.जी. सेमेस्टर–2 सत्र–2025–29 परीक्षा–2026 के Internal Assessment Marks उपलब्ध कराने तथा प्रायोगिक परीक्षा आयोजन के संबंध में।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयक सूचित करना है कि यू.जी. सेमेस्टर–2 सत्र–2025–29 परीक्षा–2026 के Internal Assessment Marks दिनांक–20.07.2026 तक ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से तथा 21.07.2026 तक 03 हस्ताक्षरित एवं मुहरयुक्त हार्ड कॉपी परीक्षा विभाग में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही जिन विद्यार्थियों के संबंधित विषयों में प्रायोगिक परीक्षा निर्धारित है उनकी प्रायोगिक परीक्षा उनके अध्यनरत महाविद्यालय में ही दिनांक–16.07.2026 से दिनांक–20.07.2026 तक आयोजित कराना सुनिश्चित करें।

विशेष निर्देशः

1. विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये निर्धारित Excel Format में ही अंक प्रेषित किये जाये। Excel Format तभी मान्य होगा जब उसके अनुरूप 03 हस्ताक्षरित एवं मुहरयुक्त हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय में जमा की जायेगी।
2. सभी अभिलेख महाविद्यालय द्वारा प्रमाणित होना चाहिए।
3. जो महाविद्यालय निर्धारित समय पर **Internal Assessment Marks** ऑनलाईन अपलोड करने एवं 03 हस्ताक्षरित एवं मुहरयुक्त हार्ड कॉपी परीक्षा विभाग मे उपलब्ध कराने में असफल रहेंगे उन महाविद्यालयों के यू.जी. सेमेस्टर–2 (2025–29) परीक्षा–2026 का प्रवेश–पत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
4. निर्धारित तिथि के उपरांत अपूर्ण अभिलेख प्राप्त होने की स्थिति में परिणाम प्रकाशन में होने वाले विलंब के लिए संबंधित महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगा। साथ ही परीक्षा समिति की बैठक संख्या– 02/26 दिनांक–11/03/2026 के निर्णय के आलोक में निर्धारित तिथि तक Internal Assessment Marks जमा नहीं करने वाले महाविद्यालयों पर प्रति छात्र प्रति विषय ₹300 की दर से अधिकतम ₹10000 तक का आर्थिक दंड लगाया जायेगा।

माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार।

ह0/–
परीक्षा नियंत्रक
मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर

ज्ञापांक सं0:–MU-EX- /2026 दिनांक–14.07.2026

प्रतिलिपि प्रेषित,

1. कुलपति एवं कुलसचिव के निजी सहायक, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर।
2. प्रधानाचार्य / प्रभारी प्राचार्य सभी अंगीभूत एवं संम्बद्ध महाविद्यालय, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुगेर।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर।
4. कुलानुशासक, नोडल पदाधिकारी, जनसम्पर्क पदाधिकारी, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुगेर।
5. गार्ड फाईल, अभिलेख हेतु।

14/07/26
परीक्षा नियंत्रक
मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर

CONTROLLER OF EXAM
Munger University, Munger